# वित्तीय साक्षरता अभियान

## सयानी कहती है...



DIGAMBER FINANCE

दिगम्बर कैपफिन लिमिटेड की CSR के अंतर्गत एक पहल

वित्तीय साक्षरता अभियान के सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए ऊपर दिए गए QR कोड को स्कैन करें।




सयानी कहती है...

पेश है दिगम्बर कैपफिन लिमिटेड के वित्तीय साक्षरता अभियान की ब्रांड एंबेसडर... सयानी!!!

सयानी, एक मजबूत, वित्तीय साक्षर ग्रामीण महिला है, जो दिगम्बर कैपफिन लिमिटेड के मूल्यों और मिशन का प्रतिनिधित्व करती हैं एवं जो ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्र में रहने वाले लोगो एवं विशेषत: महिलाओ को वित्तीय साक्षर बनाने के लिए कटिबद्ध हैं जो कि दिगम्बर कैपफिन लिमिटेड का प्राथमिक उद्देश्य है ।

सयानी के माध्यम से, दिगम्बर कैपफिन लिमिटेड का लक्ष्य सभी क्षेत्रों के लोगों को अपने वित्तीय भविष्य पर नियंत्रण रखने और नए अवसरों को अनलॉक करने के लिए प्रेरित करना है ।

***तो चलिए, आपकी मुलाकात करवाते है वित्तीय साक्षर सयानी से !!!***



## वित्तीय साक्षर – सयानी

## वित्तीय साक्षरता अभियान

**दिगम्बर कैपफिन लिमिटेड की CSR के अंतर्गत एक पहल**

वित्तीय साक्षरता अभियान के सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए दिए गए QR कोड को स्कैन करें।



सयानी कहती है...

# पुस्तिका के बारे में...

''वित्तीय साक्षरता अभियान'' पुस्तिका दिगम्बर कैपफिन लिमिटेड की एक पहल है जो ग्रामीण महिलाओं के बीच वित्तीय साक्षरता के स्तर को बढ़ाने के लिए बनाई गई है।

दिगम्बर अपने CSR दायित्वों की महत्ता को भली भांती समझता है व अपने समस्त परिवार के सदस्यों, जो कि महिलाऐ है, के वित्तीय साक्षरता के स्तर को बढ़ाने के लिए कटिबद्ध है।

अतः इसी प्रयास में हम पहला कदम बढ़ाते हुए वित्तीय साक्षरता अभियान पुस्तिका को जारी कर रहे हैं।

इस पुस्तिका में सयानी नामक पात्र जो कि वित्तीय साक्षर है, को आधार बनाते हुए वित्तीय प्रबन्धन से जुडी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई है।

उम्मीद है कि यह पुस्तिका सभी पाठको को सयानी की भाँति वित्तीय साक्षर बनाने में सफल होगी।

कृते दिगम्बर कैपफिन लिमिटेड

| शिल्पा अजमेरा | श्वेता जैन |
|---|---|
| हैड-ESG | हैड-CSR |



सयानी कहती है...

# बिना वित्तीय नियोजन व साक्षरता के द्वारा बनाया हुआ गरीबी चक्र



उच्च ब्याज पर उधार लेना

1

दैनिक मजदूरी करने वाले काम, अनियमित आय



2

कोई बचत नहीं, अधिक क़र्ज़



3

आकस्मिक आवश्यकताएं- जैसे अचानक बीमार पड़ना



4

आपातकाल- प्राकृतिक आपदाएं, फसल न होना, कीमतें गिर जाना



5



कम आय के बावजूद सामाजिक ज़िम्मेदारियाँ


6




## बिना वित्तीय नियोजन व साक्षरता के गरीबी चक्र से बाहर नही निकला जा सकता



सयानी कहती है...




स्रोत: भारतीय रिज़र्व बैंक

## एनबीएफसी-एमएफआई आई,
## लोन की सुविधा लाई




## माइक्रोफाइनेंस लोन क्या है?

भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, माइक्रोफाइनेंस लोन वह लोन है जो ₹3,00,000 तक की वार्षिक घरेलू आय वाले परिवार को बिना कुछ गिरवी रखे दिया जाता है ।

इस हेतु, परिवार का अर्थ एक व्यक्तिगत परिवार इकाई, यानी, पति, पत्नी और उनके अविवाहित बच्चे होंगे।

## माइक्रोफाइनेंस लोन की आवश्यकताएँ व विशेषताएँ

- कमाई को बढ़ाने हेतु सहायता।
- बिना कुछ गिरवी रखे लोन प्राप्त किया जा सकता है।
- कम प्रक्रिया व अवधि में प्राप्त किया जा सकता है।
- इसके साथ प्रशिक्षण भी शामिल हो सकता हैं जो आपको वित्तीय प्रबंधन में मदद करगा।
- समय पर भुगतान करने से टॉप-अप लोन की सुविधा प्राप्त कर सकते है।



सयानी कहती है...

## संयुक्त देयता समूह (जेएलजी) या ग्रुप लोन क्या है?

एक संयुक्त देयता समूह (जेएलजी) एक अनौपचारिक समूह है, जिसमें सामान्यतः 3 से 30 व्यक्ति शामिल होते हैं जो पारस्परिक गारंटी के आधार पर अकेले या समूह में लोन प्राप्त करने के उद्देश्य से एक साथ आते हैं।



जेएलजी के सदस्य ऋणदाता को एक संयुक्त वचन की पेशकश करेंगे, जो उन्हें लोन प्राप्त करने में सक्षम बनाता है।

# माइक्रोफाइनेंस लोन के लिए योग्यता

- पारिवारिक वार्षिक आय ₹3,00,000 या उससे कम हो।
- ये लोन केवल महिलाओं को ही दिया जाता है।
- ऋणी व उसके परिवार द्वारा लिये गये सभी लोन की किश्त की राशि उसकी व उसके परिवार द्वारा अर्जित मासिक आय के 50% से ज्यादा नहीं होगी।
- ऋण केवल आय सृजन गतिविधियों के लिए प्रदान किया जाएगा।



सयानी कहती है...

# लोन लेते समय सामान्य जानकारी

- माइक्रोफाइनेंस ऋण के किसी भी चरण में ऋणदाता के पास कोई जमा/ मार्जिन / संपार्श्विक / प्राथमिक सुरक्षा रखने की कोई आवश्यकता नहीं है।

- ऋणदाता मुख्य ऋण विवरण (KFS) उधारकर्ता द्वारा समझी जाने वाली भाषा जिसमें ब्याज दर, ऋण अवधी और ऋण से जुड़े अन्य सभी नियम और शर्तें होती हैं।

- माइक्रोफाइनेंस ऋण पर कोई पूर्व–भुगतान जुर्माना नहीं है।

- विलंबित भुगतान के लिए जुर्माना, यदि कोई हो, केवल अतिदेय राशि पर लगाया जा सकता है, संपूर्ण ऋण राशि पर नहीं।

- ब्याज दर या किसी अन्य शुल्क में किसी भी बदलाव के बारे में उधारकर्ता को पहले ही लिखित रूप में सूचित किया जाएगा और ये बदलाव केवल सम्भावित प्रभाव से प्रभावी होंगे।

- प्राप्त किश्तों और अंतिम भुगतान सहित सभी पुनर्भुगतानों के लिए ऋणदाता से पावती ली जानी चाहिए।

- उधारकर्ता को शिकायत निवारण प्रणाली का विवरण पता होना चाहिए, जिसमें ऋणदाता के नोडल अधिकारी का नाम और संपर्क नंबर भी शामिल है।

- किसी भी गैर–क्रेडिट उत्पाद की खरीद पूरी तरह से स्वैच्छिक है। ऐसे उत्पादों के लिए शुल्क संरचना को ऋण कार्ड में स्पष्ट रूप से सूचित किया जाएगा।

- ऋणदाताओं द्वारा प्रदान किया गया प्रशिक्षण निःशुल्क है।

- माइक्रोफाइनेंस ऋणों पर लगाई जाने वाली न्यूनतम, अधिकतम और औसत ब्याज दरें सभी एमएफआई की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं और उनके कार्यालयों पर प्रदर्शित होती हैं।


**अपना आधार/ओटीपी/पैन किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति से शेयर न करें।**



# ऋण मूल्यांकन



लोन लेते समय आपकी आय का आकलन एमएफआई द्वारा किया जाएगा।



एमएफआई आपका ई–केवाईसी या आधार कार्ड, पैन कार्ड, फोटोग्राफ, घरेलू आय की घोषणा आकलन फॉर्म, फॉर्म 60, पास बुक और स्थानीय पूछताछ से सर्वेक्षण करेगा।



क्रेडिट सूचना ब्यूरो से आपकी कुल ऋणग्रस्तता की जाँच की जाएगी।



लोन देते समय एमएफआई आपको प्रदान करेगा:

- मूख्य ऋण विवरण (KFS)
- ऋण से जुड़े अन्य सभी नियम और शर्तें,
- प्राप्त किश्तों और अंतिम भुगतान सहित सभी पुनर्भुगतानों की ऋणदाता द्वारा स्वीकृतियां, और
- ऋणदाता के नोडल अधिकारी का नाम और संपर्क नम्बर सहित शिकायत निवारण प्रणाली का विवरण।







## सोच समझकर लेना कर्ज,
## वरना बन जाएगा मर्ज



सयानी कहती है...

# ऋणी के अधिकार

## अधिकार

- मुख्य ऋण विवरण (KFS) को प्राप्त करना व इसे समझ कर ही ऋण लेने का फैसला करना।
- किश्त भुगतान के बाद रसीद लेना व लोन कार्ड में एंट्री करवाना।
- लोन के बारे में जानकारी प्राप्त करना।
- लोन सुविधा सम्बंधित शिकायतों का निवारण करवाना।
- लिए गए लोन से सम्बंधित पर्याप्त जानकारी प्राप्त करना।
- लोन का समय से पहले पुनर्भुगतान करना।
- लोन दस्तावेजों की प्रति प्राप्त करना।
- अपने आधार के पहले 8 नम्बर छुपाकर देना।


सयानी कहती है...


# ऋणी की जिम्मेदारियां

## जिम्मेदारियां

- लोन के नियम व शर्तों की पालना करना।
- लोन की किश्त समय से चुकाना।
- लोन माफी जैसी अफवाहों पर विश्वास न करना।
- अपनी सच्ची, पूर्ण और सही जानकारी देना।
- अपने संपर्क या व्यक्तिगत जानकारी में परिवर्तन के बारे में सूचित करना।
- लोन की राशि का उपयोग उसी उद्देश्य के लिए करे जिसके लिए वह लोन लिया गया है।




## ऋण राशि में से होने वाली कटोतियाँ




## वितरित राशि

## सेंटर मीटिंग के फायदे



लोन कार्ड में एंट्री का सत्यापन किया जाता है और किश्त का भुगतान केंद्रीय स्थान और समय पर ही हो जाता है।



किश्त के भुगतान के लिए कंपनी की शाखा में जाने की जरूरत नहीं है।



लोन सुविधा से सम्बंधित जानकारी मिल जाती है।



महिलाओं को व्यवसायिक मेलजोल बढ़ाने का अवसर देता है।



सयानी कहती है...

# अच्छे क्रेडिट स्कोर के फायदे

- यदि आपका क्रेडिट स्कोर उच्च है, तो ऋणदाता आपको पर्सनल लोन, होम लोन या क्रेडिट कार्ड जैसे ऋण प्राप्त करने के लिए तुलनात्मक रूप से कम ब्याज दर की पेशकश करेंगे।
- लंबी पुनर्भुगतान अवधि के साथ लोन मिल सकता है जिससे मासिक भुगतान कम होगा।
- अगर आपका सिबिल स्कोर अच्छा है तो आपको ज्यादा लिमिट वाला क्रेडिट कार्ड मिल सकता है।
- उच्च क्रेडिट स्कोर वीआईपी स्थिति के समान होता है। बैंक स्वीकृतियां तेजी से होती हैं और उच्च क्रेडिट स्कोर वाले लोगों के लिए कागजी कार्रवाई भी न्यूनतम रखी जाती है।
- वित्तीय संस्थानों और बैंकिंग क्षेत्रों के बीच अच्छी प्रतिष्ठा होती है।

# सिबिल स्कोर कैसे सुधारे

- समय पर अपनी सभी किश्त और देय राशि का भुगतान करे। समय पर किश्त का भुगतान करने के लिए अपने बैंक के साथ स्थायी निर्देश निर्धारित करें।
- ऋणों की संख्या और बकाया ऋणों की राशि आपकी आय के अनुरूप होनी चाहिए।
- बेहतर क्रेडिट स्कोर वाले किसी व्यक्ति के साथ संयुक्त रूप से ऋण के लिए आवेदन करें। आवेदकों में से एक के चूक करने पर भी ऋणदाता को धन प्राप्त होगा क्योंकि दोनों आवेदक पुनर्भुगतान के लिए जवाबदेह हैं।
- सुरक्षित और असुरक्षित ऋणों का स्वस्थ मिश्रण रखें।
- एक बार में कई ऋण आवेदनों से बचें।



सयानी कहती है...

# लोन पुनर्भुगतान

**कब करें**

- लोन लेने के बाद एमएफई द्वारा निर्धारित दिनों में सेंटर मीटिंग में

**कैसे करें**

- अपनी किश्त राशि केवल कंपनी द्वारा अधिकृत व्यक्ति को ही दें

**किस माध्यम से करें**

- नकद
- ऑनलाइन ट्रांसफर के माध्यम से

## नकद किश्त भुगतान व ऑनलाइन किश्त भुगतान के फायदे

**नकद किश्त भुगतान**

- आपातकालीन परिस्थितीयों में नकद आसानी उपलब्ध होता है
- नकद को जमा करवाने के लिए बैंक नहीं जाना पड़ता

**ऑनलाइन किश्त भुगतान**

- कैशबैक व अन्य ऑफर्स का लाभ उठाया जा सकता है
- नकद प्राप्ति के लिए बैंक या एटीएम नहीं जाना पड़ता और समय की बचत होती है
- रसीद/ पावती मिलती है और लेन-देन का हिसाब आसानी से देख सकते है
- नकद से होने वाली धोखाधड़ी से बचाता है



सयानी कहती है...

# डिजिटल पुनर्भुगतान

**डि**
- केवल डिजिटल भुगतान के माध्यम से ईएमआई चुकाएं।

**जि**
- डिजिटल भुगतान–सक्षम ऋण पुनर्भुगतान मॉड्यूल पिछले ट्रैक रिकॉर्ड को ध्यान में रखते हुए यह सुनिश्चित करते हैं कि उधारकर्ता द्वारा कोई किश्त न छूटे।

**ट**
- डिजिटल भुगतान विकल्प जैसे यूपीआई, डेबिट कार्ड आदि का उपयोग त्वरित है। बड़ी रकम के लिए भी उन्हें कुछ सेकंड लगते हैं, और दिन के दौरान कभी भी उन तक पहुंचा जा सकता है।

**ल**
- डिजिटल भुगतान यह सुनिश्चित करता है कि आपका भुगतान सीधे एमएफआई तक पहुंचे और इसका गलत उपयोग न हो।

**पुन**
- यदि आप डिजिटल भुगतान के माध्यम से भुगतान करना शुरू करते हैं तो संग्रहण अधिकारी के दौरे की आवश्यकता नहीं होगी।

**र्भुग**
- हर किश्त के भुगतान के बाद डिजिटल भुगतान प्रमाण प्राप्त होगा।

**तान**
- भुगतान के डिजिटल तरीके लोगों को सुविधा प्रदान करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। इन विकल्पों तक कभी भी और कहीं भी पहुंचा जा सकता है, जिससे बार–बार बैंकों या एटीएम जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। ग्राहक एक उपयुक्त प्रणाली चुन सकते हैं और कम लागत पर त्वरित, परेशानी मुक्त लेनदेन का आनंद ले सकते हैं।



सयानी कहती है...

# पैन कार्ड के फायदे

दो पहिया वाहनों को छोड़कर अन्य वाहनों को खरीदने या बेचने के लिए।

आपके ये पता चल जाएगा कि कौन सा लोन आपने कब लिया है।

अपने सिबिल स्कोर को आसानी से जान सकते हैं।

अगर आपने कोई हेल्थ इंश्योरेंस खरीदा है और उसके संबंध में क्लेम एक लाख रुपए से ज्यादा है तो ऐसी स्थिति में पॉलिसीधारकों के लिए पैन और आधार कार्ड देना जरूरी होता है।

पैन कार्ड की डीटेल्स के बगैर आप 5 लाख से अधिक की ज्वेलरी नहीं खरीद सकते है।

आयकर में हर प्रकार की गड़बड़ियों या दिक्कतों से बचाता है पैन कार्ड।

इसे आप कहीं पर भी आईडी के तौर पर दें सकते हैं भारत सरकार द्वारा जारी यह कार्ड सभी जगहों पर मान्य है।





सयानी कहती है...

# पैन कार्ड बनवाने की प्रक्रिया

## ऑनलाइन प्रक्रिया

⇒ पैन के लिए आवेदन करने के लिए NSDL वेबसाइट https://www.onlineservices.nsdl.com/paam/endUserRegisterContact.html पर जाएं

⇒ आवेदन प्रकार में भारतीय नागरिक चुने

⇒ अपनी कैटेगरी को चुनें- व्यक्तिगत, तथा पैन फॉर्म में सभी आवश्यक जानकारी जैसे नाम, जन्म तिथि, ईमेल आईडी और अपना मोबाइल नम्बर भरें

⇒ अपना डिजिटल e-KYC जमा करवाएं तथा चुनें कि आपको फिज़िकल पैन कार्ड चहिये या नहीं और अपने आधार नम्बर के आखिरी 4 डिजिट दर्ज करें।

⇒ फॉर्म के इस हिस्से में अपना एरिया कोड, AO टाइप और अन्य जानकारी दर्ज करें तथा दस्तावेज़ जमा करे और एप्लीकेशन जमा करें।

⇒ "Payment" करे।
आप भुगतान या तो डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से या नेट बैंकिंग / डेबिट / क्रेडिट कार्ड के माध्यम से कर सकते हैं।

⇒ पेमेंट स्लिप जेनरेट हो जाने पर ऑथेंटिकेशन के लिए, डिक्लेरेशन पर टिक करें और "Authenticate" विकल्प पर क्लिक करें| "Continue with e-KYC" पर क्लिक करें और आधार से लिंक आपके मोबाइल नम्बर पर OTP भेजा जाएगा।

⇒ OTP दर्ज करें और फॉर्म जमा करें| आपके आधार से लिंक मोबाइल नम्बर पर एक OTP भेजा जाएगा।

⇒ OTP दर्ज करें और एप्लीकेशन जमा करके एकनॉलेजमेंट स्लिप प्राप्त करें। एकनॉलेजमेंट स्लिप PDF में होगी जिसका पासवर्ड आपकी जन्मतिथि होगी DDMMYYYY फ़ॉरमेट में होगा।

## ऑफलाइन प्रक्रिया

⇒ आवेदक पास के TIN NSDL केंद्र पर जा सकते हैं और निम्नलिखित तरीकों का पालन कर सकते हैं: फॉर्म 49A को डाउनलोड करें और इसको प्रिंट कर लें, फॉर्म 49A को इस लिंक से डाउनलोड किया जा सकता है, https://www.tin-nsdl.com/downloads/pan/download/Form49A_NSDL%20e-Gov_01.06.16.pdf

⇒ फॉर्म भरें और फॉर्म पर दो पासपोर्ट साइज़ फोटोग्राफ लगाए।

⇒ मुंबई में 'NSDL – PAN' के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के रूप में फीस का भुगतान करें।

⇒ फॉर्म के साथ प्रमाणों की सेल्फ अटेस्टेड फोटोकॉपी जमा करें।

⇒ आवेदन फॉर्म के लिफाफे पर 'APPLICATION FOR PAN- Acknowledgement Number'
का उल्लेख करें और आवेदन को नीचे दिए गए पते पर भेज दें-

*इनकम टैक्स पैन सर्विसेज यूनिट, एनएसडीएल ई-गवर्नेंस इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, 5 वीं मंजिल, मंत्री स्टर्लिंग, प्लॉट नं 341, सर्वे नम्बर 997/8, मॉडल कॉलोनी, दीप बंगला चौक के पास, पुणे – 411016*

⇒ आवेदन की सफल प्रक्रिया के बाद पैन जनरेट किया जाएगा और आवेदक के आवासीय पते पर भेजा जाएगा।

**दस्तावेज़**

- आधार कार्ड
- वोटर आईडी कार्ड
- ड्राइविंग लाइसेंस
- पासपोर्ट
- राशन कार्ड, जिसमें आवेदक की तस्वीर हो
- शाखा का लाइसेंस
- फोटो पहचान पत्र
- पेंशनर का कार्ड
- केंद्र सरकार द्वारा जारी स्वास्थ्य सेवा योजना कार्ड





सयानी कहती है...

# अपने ग्राहक को जानो (केवाईसी)




## पैन कार्ड

यह आयकर विभाग द्वारा जारी किया जाता है। यह भारत सरकार के अनुसार अनिवार्य दस्तावेज़ है। यदि किसी व्यक्ति के पास पैन कार्ड नहीं है तो उसे फॉर्म-60 देना अनिवार्य है।




## आधार कार्ड

आधार देश भर के निवासियों के लिए ऑनलाइन/ऑफ़लाइन पहचान सत्यापन का एक स्रोत प्रदान करता है। आधार कार्ड का इस्तेमाल निवासी का नाम, पति/ पिता का नाम, पता, फ़ोन नम्बर तथा फ़ोटो के सत्यापन के लिए किया जाता है।




## वोटर आई कार्ड

भारतीय आई कार्ड भारत के चुनाव आयोग द्वारा 18 वर्ष की आयु हो जाने पर भारत के निवासियों को जारी किया जाता है। यह धारक की पहचान, पता, उम्र आदि के सत्यापन के लिए देखा जाता है।




## नरेगा द्वारा जारी जॉब कार्ड

यह कार्ड आवेदक को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (एमजीएनआरईजीए) योजना के तहत स्थानीय ग्राम पंचायत में पंजीकृत होने के बाद जारी किया जाता है। यह व्यक्ति के लिए पहचान प्रमाण के रूप में भी कार्य करता है।



सयानी कहती है...

# ऋण का समय पर भुगतान





लोन का भुगतान समय पर करने से आपका क्रेडिट स्कोर सुधरता है।



आपको विलंबित भुगतान के जुर्माने से बचाता है।



टॉप-अप ऋण प्राप्त करने का विकल्प देता है।



ऋणदाता के साथ रिश्ते को मजबूत बनाता है।



दोबारा ऋण लेने में मदद मिलती है।

आरबीआई विनियमित संस्थाओं से लिया गया ऋण कभी माफ नहीं किया जाएगा। यदि कोई आपको ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करता है, तो कृपया इसकी सूचना अपने ऋण अधिकारी को दें।



सयानी कहती है...

# ऋण के समय पर भुगतान करने के लिए सुझाव



- अपने बजट की योजना बनाएं।
- आय में वृद्धि के साथ पुनर्भुगतान राशि बढ़ाएँ।
- अपने निवेश का उपयोग करें।
- ऋण समेकन करवाएं।
- लंबा कार्यकाल लें।
- बैलेंस स्थानांतरित करवाएं।



सयानी कहती है...

# बैंक अकाउंट होल्डर की जिम्मेदारियां

## बैंक खाताधारक के रूप में आपके कुछ कर्तव्य

अपने खाता संख्या को गोपनीय रखें और अपने खाते के विवरणों को एक सुरक्षित स्थान पर रखें।

एटीएम सुविधाओं, फोनबैंकिंग और/ या इंटरनेट बैंकिंग के लिए अपने खाते से जारी और लिंक किए गए किसी भी पिन को सुरक्षित रखें और गोपनीय रखें।

रद्द किए गए चेक को हमेशा नष्ट करें या काट दें।

बैंक को तुरंत सूचित करें: पते में कोई परिवर्तन टेलीफोन नंबर में कोई परिवर्तन, किसी चेक/चेक बुक का खो जाना, आपके बैंक स्टेटमेंट में कोई विसंगति।




**व्यवसाय लगाने को लेना कर्ज,**
**बढ़ेगी आमदनी, पूरे होगे फर्ज**



सयानी कहती है...




## आपके पैसे, खर्च हुए कैसे



सयानी कहती है...




## गैर जरूरी खर्चे रोको,
## पैसा बचाओ, बैंक मे जोड़ो





स्रोत: भारतीय रिज़र्व बैंक








## सोच समझकर, खर्च करें




**पैसा चाहिए कब और कितना,**
**योजना बनाकर लक्ष्य है जीतना**








स्रोत: भारतीय रिज़र्व बैंक

## मेहनत की कमाई को ना गंवाएं, बैंक में ही जमा कराएं



सयानी कहती है...

## साहूकार

## आरबीआई विनियमित संगठन
















**आरबीआई विनियमित संगठन से अगर लिया है कर्ज, ब्याज़ भी कम, हिसाब है जायज़**




सयानी कहती है...



कोई पैसा नहीं



साहूकार से पैसा उधार




वित्तीय साक्षरता में भाग लिया



खर्चों में कटौती




आरबीआई विनियमित कंपनी से ऋण



साहूकार का पैसा चुकाया



आरबीआई विनियमित कम्पनी के ऋण से व्यवसाय



सम्पत्ति जुटाई

स्रोत: भारतीय रिज़र्व बैंक

## आरबीआई रेगुलेटेड कम्पनी से नाता जोड़ो, गरीबी से नाता तोड़ो










चूक ना जाना किश्त देने के बाद रसीद लेना और लोन कार्ड में एंट्री करवाना!!



सयानी कहती है...

# ध्यान रखें

- ऋणदाता कम्पनी के किसी भी कर्मचारी को कोई भी कमीशन या अन्य फायदा ना दें। अगर कोई कर्मचारी कमीशन या अन्य फायदे की माँग करता है, तो इसकी जानकारी ऋणदाता कम्पनी को दें।

- ऋणदाता कम्पनी द्वारा दिया जाने वाला लोन किसी भी सूरत और परिस्थिति में माफ़ नहीं किया जायेगा। यदि कोई ऐसा कहता है तो इसकी जानकारी तुरंत ऋणदाता कम्पनी को दें।

- ऋण लेते समय आपके आय के स्त्रोत व स्थानों की सही जानकारी ऋणदाता कम्पनी के कर्मचारी को दें। इससे आपकी ऋण लेने की योग्यता, राशि व अवधि निश्चित की जाएगी जो एक अनिवार्य प्रक्रिया का हिस्सा है।

- यदि आप रोज़गार के सम्बन्ध में किसी दूसरे स्थान पर जाते है तो इसकी जानकारी ऋणदाता कम्पनी के कर्मचारी को ऋण प्रक्रिया के दौरान दें।

- समय पर ऋण चुकाएं व कानूनी कार्यवाही से बचे।

- याद रखें आपने ऋणदाता कम्पनी से ऋण लिया है व इससे सम्बंधित समस्त अधिकार ऋणदाता कम्पनी के पास ही है ना की इसके किसी कर्मचारी के पास अतः किसी प्रलोभन में ना आए।



सयानी कहती है...

# वित्तीय साक्षरता का सारांश

## ऋण की आवश्यकता

**उत्पादक उद्देश्य**
- मवेशियों की खरीद
- कृषि / खेती
- सूक्ष्म / लघु व्यवसाय
- उत्पादन / निर्माण

**उपभोग के उद्देश्य**
- शादी/ विवाह
- स्वास्थ्य/ चिकित्सा
- त्योहार/ उत्सव
- खाना/ कपड़ा
- शिक्षा

**संपत्ति निर्माण**
- घर का निर्माण
- वाहन की खरीद
- भूमि/उपकरण की खरीद

## नए निवेश के लिए धन का स्रोत

**घरेलू स्रोत**
- आय/प्राप्तियों का अधिशेष
- संपत्ति की बिक्री

**औपचारिक स्रोत से उधार लेना**
- बैंकों
- एन बी एफ सी
- एम एफ आई

**अनौपचारिक स्रोत से उधार लेना**
- दोस्त/मित्रो
- रिश्तेदार
- साहूकार

## ग्राहक के कर्तव्य

- केंद्र/समूह की बैठकों में नियमित रूप से भाग लें।
- बकाया राशि के पुनर्भुगतान में देरी से बचें और अच्छा क्रेडिट रिकॉर्ड बनाए रखें।
- घरेलू आय, ऋण देयता, ऋण उपयोग और अन्य प्रासंगिक तथ्यों के संबंध में ऋण अधिकारी को सही और पूरी जानकारी प्रदान करें।
- शिकायत निवारण तंत्र के माध्यम से किसी भी अनियमितता या गलत व्यवहार की सूचना दें।
- KYC (के वाई सी) के लिए वास्तविक दस्तावेजों की प्रतियां प्रदान करें।

## कर्ज या उधार न चुकाने के प्रभाव

- कर्ज का बोझ और आर्थिक परेशानी।
- कर्ज चुकाने में असफलता।
- आर्थिक तंगी के कारण मुख्य धारा से अलग-थलग महसूस कर रहे हैं।
- जीवन एवं परिवार की गुणवत्ता प्रभावित होना।
- पुरानी उधारी चुकाने के लिए कई ऋण लेने पड़ रहे हैं।
- नकारात्मक क्रेडिट स्कोर के कारण नए ऋण की अनुपलब्धता।
- व्यवसाय और आजीविका के अवसरों की विफलता।

## धन का स्रोत




## बेहतर वित्तीय प्रबंधन के लिए टिप्स / सुझावों

- घरों की आय और व्यय को संतुलित करें और पैसे बचाएं।
- विवेकपूर्वक उधार लें - अपनी पुनर्भुगतान क्षमता से अधिक उधार न लें।
- एकाधिक उधारदाताओं से उधार लेने से बचें - प्रतिबंधित करें अधिकतम 2 या 3 ऋणदाताओं तक।
- केवल औपचारिक स्रोतों से उधार लें।
- अत्यधिक/उच्च ब्याज दरों पर उधार लेने से बचें।
- बकाया ऋण समय पर चुकाएं।
- एमएफआई से ऋण प्राप्त करने के लिए एजेंटों के पास न जाएं; रिंग लीडरों से बचें।
- झूठे प्रचार और अफवाहों से दूर रहें।

## उधारकर्ता / ग्राहक अधिकार

- ऋणदाताओं, कर्मचारियों को अच्छी तरह से जानें और उनकी वास्तविकता की जांच करें।
- ऋण उत्पाद विवरण (ऋण राशि, कार्यकाल, पुनर्भुगतान आवृत्ति, वार्षिक ब्याज दर, प्रसंस्करण शुल्क और अन्य शुल्क या शुल्क आदि) प्राप्त करें।
- बीमा और अन्य सेवाओं के नियम और शर्तें प्राप्त करें।
- प्रीमियम, कवरेज राशि और कवर किए गए जोखिम, दस्तावेज़ विवरण और निपटान प्रक्रियाओं का विवरण जानें।
- पासबुक/ऋण कार्ड/फैक्टशीट प्राप्त करें।
- ग्राहक शिकायत निवारण प्रणाली का विवरण प्राप्त करें।
- भुगतान की पावती/रसीद प्राप्त करें।

स्रोत: सा-धन (एस.आर.ओ)



सयानी कहती है...



# वित्तीय साक्षरता अभियान

**माइक्रो फाइनेंस लोन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारी**

## सयानी कहती है लोन लेने से पहले यह ज़रूर जानें!

- **लोन की पूरी जानकारी प्राप्त करें-** कोई भी ऋण लेने से पहले इससे सम्बंधित सभी नियम व शर्तों को ध्यान से पढ़ें।
- **मुख्य ऋण विवरण (KFS) मांगें-** यदि ऋण अधिकारी इसे नहीं देता, तो इसे अवश्य मांगें । यह आपका अधिकार है।
- **आधार सुरक्षा का पालन करें-** आधार कार्ड देते समय आधार कार्ड के पहले 8 नम्बर छुपाकर दें।
- **लोन दस्तावेजों की प्रति लें-** लोन मिलने के बाद लोन से सम्बंधित सभी दस्तावेजों को सुरक्षित रखें।
- **समय पर किश्त चुकाएं -** इससे आपका सिबिल (क्रेडिट) स्कोर अच्छा रहेगा और भविष्य में आसानी से लोन मिलेगा।
- **ऋण चुकता प्रमाणपत्र (NDC) प्राप्त करें-** ऋण के सम्पूर्ण भुगतान के बाद वित्तीय संस्थान से NDC ज़रूर लें।
- **केवल सही जानकारी दें-** लोन आवेदन में गलत जानकारी देने से भविष्य में समस्या हो सकती है।
- **शिकायत करें -** यदि कोई ऋण अधिकारी दुर्व्यवहार करता है, तो तुरंत वित्तीय संस्थान में शिकायत करें।
- **केवल वित्तीय संस्थान के आधिकारिक QR कोड पर ही भुगतान करें -** फर्जी या अनजान क्यूआर कोड या ऋण अधिकारी के निजी कोड, QR code या मोबाइल पर पैसे जमा न करें।
- **लोन कार्ड में एंट्री करवाएं -** किश्त चुकाने के बाद रसीद लें और लोन कार्ड अपडेट करवाएं।
- **लोन माफी की अफवाहों पर विश्वास न करें -** RBI विनियमित वित्तीय संस्थानों द्वारा दिये गये ऋण कभी माफ नहीं किए जाते।
- **ओटीपी, आधार, पैन किसी से साझा न करें -** किसी अनाधिकृत व्यक्ति से अपनी जानकारी न बांटें।
- **बिचौलियों (रिंग लीडर) से बचें -** सीधे वित्तीय संस्थान से लोन के लिए संपर्क करें।
- **उतना ही लोन लें जितना चुकाने की क्षमता हो ज़रूरत से ज्यादा लोन लेकर खुद को वित्तीय संकट में न डालें।**
- **कमीशन न दें -** कोई भी वित्तीय संस्थान लोन देने के लिए कमीशन नहीं मांगती। यदि इसका कोई भी अधिकारी आपसे कमीशन मांगता है, तो तुरंत वित्तीय संस्थान में शिकायत करें।
- **मोबाइल नम्बर -** वित्तीय संस्थान के पास अपना मोबाइल नम्बर अपडेट रखें।

**ध्यान दें:**

आपने वित्तीय संस्थान से ऋण लिया है, न कि इसके किसी कर्मचारी से। अतः इसके किसी कर्मचारी के डराने या लालच या बहकावे न आएं।

**सयानी कहती है कि सबको करना हैं ये मनन।**
**कम्पनी के QR कोड पर ही भरनी हैं किश्त बहन ॥**



## सयानी कहती है...


सयानी कहती है......
यदि उठानी है ऋण सम्बन्धी सुविधा सारी ।
तो देना अपने मोबाइल नम्बर की बिल्कुल सही जानकारी ।।
DIGAMBER FINANCE
वित्तीय साक्षरता अभियान
दिगम्बर कैपफिन लिमिटेड की CSR के अंतर्गत एक पहल


सयानी कहती है......
सयानी कहती है कि सबको करना हैं ये मनन ।
कम्पनी के QR कोड पर ही भरनी हैं किश्त बहन ।।
DIGAMBER FINANCE
वित्तीय साक्षरता अभियान
दिगम्बर कैपफिन लिमिटेड की CSR के अंतर्गत एक पहल


सयानी कहती है......
अपना और अपने परिवार का चाहते हो विकास ।
“रिंग लीडर” को ना आने दो आस पास ।।
DIGAMBER FINANCE
वित्तीय साक्षरता अभियान
दिगम्बर कैपफिन लिमिटेड की CSR के अंतर्गत एक पहल


सयानी कहती है......
क्रेडिट स्कोर मे आया सुधार ।
जब समय पर चुकाया गया उधार ।।
DIGAMBER FINANCE
वित्तीय साक्षरता अभियान
दिगम्बर कैपफिन लिमिटेड की CSR के अंतर्गत एक पहल


सयानी कहती है......
मुख्य ऋण विवरण (KFS)का समझो सार ।
इसको अच्छे से पढ़ कर ही लेना उधार ।।
DIGAMBER FINANCE
वित्तीय साक्षरता अभियान
दिगम्बर कैपफिन लिमिटेड की CSR के अंतर्गत एक पहल


सयानी कहती है......
आय बढ़ाने के लिए लिया गया कर्ज़ा ।
आपके जीवन का बढ़ाएगा दर्ज़ा ।।
DIGAMBER FINANCE
वित्तीय साक्षरता अभियान
दिगम्बर कैपफिन लिमिटेड की CSR के अंतर्गत एक पहल



## सयानी कहती है...


सयानी कहती है......
किसी भी धोखे मे ना पड़ना ।
जिस उद्देश्य से ऋण लिया है इस्तेमाल उसके लिए ही करना ।।
DIGAMBER FINANCE
वित्तीय साक्षरता अभियान
दिगम्बर कैपफिन लिमिटेड की CSR के अंतर्गत एक पहल


सयानी कहती है......
झूठे प्रलोभन से तौबा करना ।
बिना कमीशन दिए ही ऋण लेना ।।
DIGAMBER FINANCE
वित्तीय साक्षरता अभियान
दिगम्बर कैपफिन लिमिटेड की CSR के अंतर्गत एक पहल


सयानी कहती है......
झूठा ऋण मुक्ति का प्रलोभन ।
बरबाद कर देगा आपका मान-सम्मान व जीवन ।।
DIGAMBER FINANCE
वित्तीय साक्षरता अभियान
दिगम्बर कैपफिन लिमिटेड की CSR के अंतर्गत एक पहल


सयानी कहती है......
समझो वित्तीय साक्षरता का सार ।
किश्त देकर लोन कार्ड मे दर्ज कराना है आपका अधिकार ।।
लोन कार्ड
DIGAMBER FINANCE
वित्तीय साक्षरता अभियान
दिगम्बर कैपफिन लिमिटेड की CSR के अंतर्गत एक पहल


सयानी कहती है......
अगर चाहते हो मुसीबतों से आजादी ।
किश्ते रखो अपनी मासिक आय से आधी ॥
DIGAMBER FINANCE
वित्तीय साक्षरता अभियान
दिगम्बर कैपफिन लिमिटेड की CSR के अंतर्गत एक पहल


सयानी कहती है......
आय बढ़ाने के लिए ऋण लेने का कमाल ।
वित्तीय संस्थान से जुड़कर हो सभी खुशहाल ।।
DIGAMBER FINANCE
वित्तीय साक्षरता अभियान
दिगम्बर कैपफिन लिमिटेड की CSR के अंतर्गत एक पहल



सयानी कहती है...

# वित्तीय साक्षरता सांप और सीढ़ी का खेल

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 50 जीवन स्तर व आर्थिक स्तिथि में सुधार | 49 | 48 लोन लिया पर नहीं चुकाया | 47 | 46 |
| 41 | 42 व्यवसाय को बढ़ाया | 43 | 44 | 45 लोन माफ़ी की अफवाह पर भरोसा किया |
| 40 क्रेडिट स्कोर अच्छा हुआ और टॉप-उप लोन लिया | 39 | 38 | 37 | 36 |
| 31 | 32 | 33 बचत की और बीमा कराया और खर्चों में कटौती की | 34 | 35 |
| 30 समय पर किश्त चुकाई | 29 | 28 | 27 नशे व कुरीतियों पर खर्च करा | 26 |
| 21 | 22 | 23 बच्चे को पढ़ाया | 24 | 25 |
| 20 | 19 फ़िज़ूल खर्च किया | 18 | 17 आय बढ़ी | 16 |
| 11 | 12 | 13 लोन के पैसे से व्यवसाय किया | 14 | 15 बीमारी के लिए बीमा नहीं करवाया |
| 10 साहूकार से लोन लिया | 9 आय से अधिक खर्चा किया | 8 | 7 आय वृद्धि के लिए आर.बी.आई. विनियमित संसथान से लोन लिया | 6 |
| 1 शुरुवात | 2 | 3 | 4 | 5 |

दिगम्बर कैपफिन लिमिटेड



सयानी कहती है...

# सांप और सीढ़ी का खेल

पेश है वित्तीय साक्षरता को समझने के लिए बनाया गया एक खेल। आप सभी ने सांप सीढ़ी का खेल जरूर खेला होगा। उसी की तर्ज पर हम लाए है वित्तीय साक्षरता सांप सीढ़ी खेल।
इस खेल को खेलने के लिए नियम व प्रक्रिया निम्न लिखित है :–

### आवश्यक सामग्री

1. एक पासा
2. खिलाड़ियों जितनी गोटिया (इसे 2–4 व्यक्ति खेल सकते है)

### प्रक्रिया

1. प्रत्येक खिलाड़ी अपनी गोटी शुरूआती बिंदु पर रख दे। एक – एक करके पासा फेंके ओर पासों की संख्या के अनुसार गोटियों को आगे बढ़ाए।
2. यदि खिलाड़ी सीढी पर आ जाता है तो उसे उस पर चढना है। यदि खिलाड़ी सांप के मुंह पर आ जाता है तो वह नीचे चला जाएगा।
3. जो खिलाड़ी सबसे पहले 50 वें ब्लॉक पर पहुँच जाता है वह विजेता होता है और जो बाद मे 50 वें ब्लॉक पर पहुँचता है वह रनर उप होता है। यदि दो से अधिक खिलाड़ी यह खेल खेल रहे हैं तो एक खिलाड़ी के जीतने पर बाकी खिलाड़ी खेल जारी रख सकते है जब तक कि अकेला खिलाड़ी न रह जाए।
4. यही सांप सीढ़ी का खेल अच्छी वित्तीय आदतें सिखाता हैं। सीढ़ी अच्छे वित्तीय व्यवहार को दर्शाती है जो खिलाड़ी के जीवन मे अच्छी वित्तीय आदतों की वजह से खिलाड़ी के जीवन स्तर को ऊपर ले जाती है और सांप खराब वित्तीय आदतों को दर्शाता जो व्यक्ति के जीवन स्तर को नीचे ले आता है।
5. अब ये अवलोकन करें कि इस खेल के माध्यम से सीखने के बिन्दु कौनसे है, और दी गई पुस्तिका मे से सिखाए गए अन्य अच्छी व खराब वित्तीय व्यवहार पर चिंतन करें , जिनका विवरण नीचे दिया गया है :–

| सीढ़ी रूपी अच्छी वित्तीय व्यवहार के अच्छे प्रभाव | सांप रूपी खराब वित्तीय आदतों की हानियाँ |
|---|---|
| • आरबीआई विनियमित संस्थान से लोन लिया और लोन के पैसे से आय बढ़ाने के कार्य किये।<br>• व्यवसाय किया तो आय बढ़ी तो आर्थिक स्थिति मे सुधार आया और जीवन स्तर मे सुधार हुआ।<br>• आय बढ़ी तो बच्चों को अच्छा पढ़ाया।<br>• समय पर किश्त चुकाई तो क्रेडिट स्कोर खराब होने के बजाय अच्छा हुआ और टॉप–अप लोन आसानी से मिल गया।<br>• क्रेडिट स्कोर अच्छा हुआ तो, अच्छे ऋणी होने की वजह से ऋणदाता के साथ व्यवहार अनुकूल हुआ और टॉप–अप लोन मिलने पर व्यवसाय को और बढ़ाया।<br>• बचत और बीमा करवाया और खर्चों मे कटौती की तो बीमारी के वक्त पैसों की व्यवस्था आसानी से हुई और आर्थिक स्थिति अच्छी हुई। | • दस्तावेज न होने पर आरबीआई द्वारा विनियमित संगठन से लोन नहीं मिला और साहूकार से लोन लिया और ब्याज के जाल में फस गये।<br>• आय से अधिक खर्च किया तो कोई बचत नहीं हुई और आकस्मिक आवश्यकता पढ़ने पर पैसों की व्यवस्था करने मे दिक्कत हुई।<br>• बीमारी के लिए बीमा नहीं लिया बीमारी के वक्त इलाज करने के लिए पैसा नहीं था।<br>• फिजूल खर्च किया तो बचत नहीं हुई।<br>• नशे व कुरीतियों पर खर्च किया तो बचत का पैसा भी घटता गया।<br>• साहूकार या अन्य ऋण संस्था से लोन माफी की अफवाह पर भरोसा किया तो कभी न खत्म होने वाले कर्ज के जंजाल मे फस गए।<br>• समय पर किश्त न चुकाया तो कलेक्शन एजेंट बार बार घर पर आए जिससे बदनामी हुई और क्रेडिट स्कोर भी खराब हुआ जिससे आर्थिक व कानूनी समस्या का समना करना पडा।<br>• क्रेडिट स्कोर खराब होने से नया लोन मिलने मे दिक्कत हुई व भारी ब्याज दर लोन मिला। |

# सयानी कहती है...

बधाई हो!

अब आप वित्तीय साक्षर बन गये है। उम्मीद है हमारी इस छोटी पहल से आप अपने वित्तीय नियोजन व प्रबंधन को बेहतर तरह से कर पायेगें।

आपसे अनुरोध है, कि कृपया इस वित्तीय साक्षरता ज्ञान को अपने सह-सम्बंधियो तक पहुँचाये व उन्हे वित्तीय जागरूक व साक्षर बनाने में योगदान दें।

धन्यवाद।



DIGAMBER FINANCE

दिगम्बर कैपफिन लिमिटेड की CSR के अंतर्गत एक पहल

वित्तीय साक्षरता अभियान के सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए ऊपर दिए गए QR कोड को स्कैन करें।